हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 तालाब सौंदर्यीकरण में खामियां मिलने पर जांच....



10 हर्बल पार्क में किया पौधारोपण



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव पीपलथा में संदिग्ध लोगों की तलाश कर रहे पुलिस कर्मियों पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए कर्मी सुखदेव सिंह ने 3 मई 2022 को पुलिस को शिकायत दी थी।

### सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल

**कैथल।** कवारतन के निकट हुए सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया है। इस संबंध में चुलकाना के अंकुश ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून को जब वह लक्ष्य के साथ बाइक पर सवार होकर कवारतन के पेट्रोल पंप के निकट से गुजर रहा था तो ट्रैक्टर चालक पेनी ने अपने ट्रैक्टर को गलत ढंग से चलते उन्हें चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### युवती संग ट्रेन से टकराने वाले युवक ने तोड़ा दम

**जींद।** उचाना अनाज मंडी के पीछे दिल्ली भठिंडा रेलवे लाइन पर मालगाड़ी से टकरा कर घायल हुए युवक की उपचार के दौरान हिसार के निजी अस्पताल में मौत हो गई। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। काबिलेगौर है कि उचाना मंडी के पीछे रेलवे लाइन पर सोमवार को संदिग्ध हालात में एक युवक तथा युवती ने मालगाड़ी को टक्कर मार दी थी।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**कैथल।** मायापुरी कॉलोनी से चोर मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चुरा कर ले गए। करनाल रोड स्थित मायापुरी कॉलोनी के शीशपाल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस शिकायत में बताया कि 28 जून को कर रात के समय उनके मकान में घुसकर वहां पर रखे सोने के 5 तोले के जेवरात तथा 70000 की नकदी चुरा कर ले गए। चुराए सामान की कीमत 5 लाख बताई गई है।

### ट्रैक्टर ने साइकिल सवार बालक को रौंदा, मौत

**जींद।** उचाना के रजबाहा रोड पर तेजरफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने साइकिल सवार बालक को रौंद डाला। जिसमें बालक की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवा सिंह कालोनी उचाना निवासी हर्ष 11 साइकिल लेकर राजबाहा रोड से गुजर रहा था।

### गांव कवारतन के निकट सड़क हादसे में दो घायल

**कैथल।** गांव कवारतन के निकट हुए सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में चुलकाना के अंकुश ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून को जब वह लक्ष्य के साथ बाइक पर सवार होकर कवारतन के पेट्रोल पंप के निकट से गुजर रहा था।

### संदिग्ध हालात में दो बच्चों सहित महिला लापता

**जींद।** गांव अलेवा से दो बच्चों के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस सुबह उसकी पत्नी अपने छह तथा चार वर्षीय बच्चों के साथ घर से गायब हो गई।

### असलाह सप्लाई करने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एसआई सुभाष चंद्र की टीम द्वारा असलाह सप्लाई करने के मामले में आरोपी शाहजहांपुर जिला मेरठ युपी हाल निवासी निसिंग जिला करनाल निवासी फरयाद उर्फ बिज्जु को काबू कर लिया गया।

---

### तीस एमएम बरसात ने दिखाया आइना, सड़कें जलमग्न, पॉश इलाकों में जमा बरसाती पानी, घरों में घुसा

# झमाझम बरसे बदरा, पानी निकासी के सभी दावे फेल

### शहर का कोई भी हिस्सा सड़क ऐसी नही थी कि जहां वाहन न फंसे हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश के साथ शहर से बरसाती पानी निकासी के दावे भी बारिश के साथ बह गए। शहर का कोई भी हिस्सा तथा सड़क ऐसी नही थी कि जहां पर वाहन न फंसे हों। सड़कें बरसाती नालों में तबदील नजर आई। कुछ इलाकों में बरसाती पानी घरों में घुस गया। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से फसलों को फायदा पहुंचा है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में औसतन 8.3 एमएम बारिश दर्ज की गई। मगंलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 82 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे भी बारिश की संभावना है। जिले में मानसून दस्तक दे चुकी है। आकाश में बादलों का जमावडा भी लगा हुआ है। तापमान में भी गिरावट आई है। बीती रात आकाश में बादल घुमड़ते रहे। मंगलवार अलसुबह बारिश शुरू हो गई। जो दोपहर तक रूक रूक कर जारी रही। जींद में 30 एमएम बारिश दर्ज की गई। उचाना में 20 एमएम, अलेवा में सात एमएम, नरवाना में दो एमएम, सफीदों, पिल्लूखेड़ा, जुलाना में बूंदाबांदी दर्ज की गई। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। बारिश के साथ शहर के पानी निकासी की व्यवस्था भी चौपट हो गई। शहर की कोई ऐसी सड़क नही थी जो बरसाती नालों में तबदील नजर नही आई हो। नरवाना रोड, अपोलो रोड, रेलवे रोड, पटियाला चौक से जाट स्कूल, नंदीशाला से रुपया चौक, बत्तख चौक, सफीदों गेट, शिव चौक, रामराये गेट, रोहतक रोड, रेलवे के दोनों अंडरपास, शहर की पॉश कालोनी स्कीम नंबर पांच तथा छह, अर्बन एस्टेट, हाउसिंग बोर्ड व बाहर बस्तियों में बरसाती पानी जमा हो गया।

### बरसात फसलों के लिए फायदेमंद, आगे भी बन रहे आसार



**जींद।** राजकीय विद्यालय के सामने बरसाती पानी से भरी सड़क। *फोटो :हरिभूमि*





**जींद।** शहर की सड़कों पर जमा बरसाती पानी के बीच से गुजरते वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

#### किसान खुश

बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद है। धान रोपाई तथा बिजाई का कार्य चला हुआ है। बारिश से कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। बारिश ने काफी हद तक पानी की कमी को पूरा कर दिया है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानूसन दस्तक दे चुकी है। धान रोपाई का अच्छा समय है। बारिश ने पानी की कमी को पूरा कर दिया है। आगे भी बारिश के आसार बन रहे है।

#### चालक परेशान

बरसाती पानी में फंसे वाहन, करना पड़ा परेशानी का सामना बारिश के दौरान लबालब पानी से भरी सड़कों पर काफी संख्या में कार, दुपहिया वाहन फंस गए। लोगों को वाहनों को पानी मे खिचते देखा गया। वहीं हालात सिटी रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे अंडरपास के रहे। जिसमें छोटे वाहन फंस गए। दुपहिया वाहन चालको को वापस लौटना पडा।

#### बारिश के बाद पानी-पानी उचाना

**उचाना।** दो दिन हुई बारिश का पानी अब भी मानव रहित फाटक की जगह बने अंडर पास में भरा हुआ था। अब मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद अंडरपास सहित विभिन्न जगहों पर बारिश का पानी भर जाने से आवागमन में परेशानी हुई। देर शाम तक बाजारों में जलभराव होने से लोग परेशान रहे। बैंक कॉम्प्लेक्स रोड, डाकघर रोड, लितानी रोड, राजेंद्रा कालोनी, रेलवे रोड, नागरिक अस्पताल सर्विस रोड, पुलिस थाना के सामने हाइवे सहित विभिन्न बाजारों, कालोनियों में जलभराव रहा। पानी से होकर आने-जाने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल में आने-जाने वाले विद्यार्थी पानी से होकर ही स्कूलों में पहुंचे। दोपहर बाद कुछ जलभराव कम हुआ लेकिन बैंक कॉम्प्लेक्स रोड, पुरानी मंडी, डाकघर रोड पर जलभराव शाम तक रहा। पुरानी मंडी में मार्केट कमेटी सचिव द्वारा नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि कोई भी जो मंडी में बारिश के पानी की निकासी को लेकर मेनहॉल बने है उनके कूड़ा कर्कट डालता मिला तो खिलाफ विभागीय कार्यवाही होगी। सचिव योगेश ने कहा कि कूड़ा.कर्कट डालने से पानी की निकासी तेजी से नहीं हो पाती है। कूड़ा.कर्कट कोई डालता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वाहन चालक रघुबीर, विक्रम, सुलतान ने कहा कि कुछ दिन पहले आई बारिश के पानी की अब भी निकासी नहीं हुई थी। बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहनों की नंबर प्लेट तो पानी के अधिक बहाव के चलते गिर भी गई। हाइवे पर भी जलभराव होने से सड़क टूटने लगी है। पानी निकासी का पुख्ता प्रबंध होना चाहिए। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि पानी की निकासी का पुख्ता प्रबंध है। तेज बारिश होने के बाद निकासी पानी की निरंतर हुई है।

#### पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

**राजौंद।** शहर के असंध रोड पर स्थित बस स्टैंड पर पानी निकासी न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आलम यह है कि बस स्टैंड के आगे पानी भरने से सवारिऐ के साथ-साथ वाहन चालकों को भी बहुत परेशान होना पड़ रहा है। बस स्टैंड के पास पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे थोड़ी सी बरसात होने पर बस स्टैंड भी पानी से लबालब भर जाता है। बिना बरसात के भी बस अड्डे के पास पानी खड़ा रहता है जिंससे बस स्टैंड के अंदर जाने वाले लोगों के लिए बहुत ज्यादा परेशानी होती है।



**उचाना।** बैंक कॉम्प्लेक्स रोड पर भरा बारिश का पानी। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** कृषि कार्यालय के सामने बरसाती पानी से लबालब सड़क। *फोटो :हरिभूमि*



**कैथल।** छात्रावास रोड पर ठाठे मारता बरसाती पानी। *फोटो :हरिभूमि*

## कैथलः मूसलाधार बरसात से शहर जलमग्न, चालक दुःःखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में मंगलवार को सुबह हुई मूसलाधार बरसात के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया। सुबह सात बजे हुई बारिश लगातार दो घंटे तक नौ बजे तक रही जारी रही। इस दो घंटे की बारिश में ही शहर के निचले इलाकों में जलभराव हुआ। बारिश ने जन-जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। शहर के निचले इलाकों में एक से डेढ़ फुट तक जलभराव हुआ। सुबह के समय हुई बारिश के बाद सबसे अधिक परेशानी माता गेट क्षेत्र में हुई। जलभराव होने से वाहन चालक और पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बारिश का पानी कई घरों में घुस गया। जिससे इस कॉलोनी के निवासियों का सामान खराब होने के साथ-साथ दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हुआ। शहर के माता गेट, भगत सिंह चौक, पार्क रोड सहित अन्य इलाकों में जलभराव हुआ। जलभराव होने के बाद शहर के इलाके तालाब में तब्दील हो गए और दोपहर तक भी पानी की निकासी नहीं हुई। ऐसे में जलभराव ने प्रशासन की पानी निकासी के दावों की पोल खोली। वहीं, बारिश के कारण शहर के कई मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। इसे काफी देर तक वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद दोपहर बाद शाम तक आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन इस दौरान बारिश नहीं हुई।

#### बारिश की संभावना

मौसम विभाग के पूर्व अनुमान अनुसार अब शुक्रवार तक लगातार बारिश की संभावना बनी रहेगी। वहीं, पूरे जिले में 24 घंटे में जिले में कुल 60 एमएम बारिश दर्ज की गई, जो औसतन 8.5 एमएम रही। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिले। वहीं, मौसम बदलने के बाद खेतों में धान लगाने के कार्य में तेजी आई। जिले में सबसे अधित सीवन में 25 तो सबसे कम पूंडरी व कलायत चार एमएम बारिश दर्ज की गई।

#### सब्जियों पर असर

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि अभी आगामी चार जुलाई तक बारिश होने की संभावना लगातार बनी रहेगी। बारिश अधिक होने से सब्जियों की फसल पर मार पड़ने की आशंका रही है।

खंड अनुसार 24 घंटे में बारिश

| | |
|---|---|
| कैथल | 12 एमएम |
| कलायत | 04 एमएम |
| सीवन | 25 एमएम |
| गुहला-चीका | 06 एमएम |
| राजौंद | 04 एमएम |
| ढांड | 06 एमएम |
| पूंडरी | 04 एमएम |
| कुल | 60 एमएम |

बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी कमी आई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

## चीका में एटीएम लूटने का प्रयास

### वॉर्निंग अलर्ट बजने पर पहुंची पुलिस, आरोपी फरार

- गैस कटर की सहायता से एटीएम मशीन काटने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के चीका में चोरों ने एक एटीएम मशीन को काटकर नकदी चोरी करने का प्रयास किया। जैसे ही चोरों ने मशीन के साथ तोड़फोड़ शुरू की तो तुरंत इसका वॉर्निंग अलर्ट बैंक अधिकारियों के पास पहुंच गया। अधिकारी ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंच गए। पुलिस को आते देख चोर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पंजाब नेशनल बैंक के गुहला शाखा प्रबंधक रोहित ने चीका थाने में दी शिकायत में बताया कि 30 जून की तड़के 3:10 बजे से 4:00 बजे के बीच गुहला रोड पंजाब नेशनल बैंक लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में स्थित उनके एटीएम में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया। सुरक्षा अलर्ट के अनुसार अज्ञात असामाजिक तत्वों ने गैस कटर की सहायता से एटीएम मशीन काटने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची टीमेंः जैसे ही सुरक्षा अलर्ट प्राप्त हुआ, तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया गया। उसके बाद पुलिस टीम एवं बैंक शाखा कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस और स्टाफ को देखकर अज्ञात व्यक्ति घटनास्थल से फरार हो गए।


#### जांच जारी

चीका थाना एसएचओ बलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## पिकअप की ऑटो में टक्कर, चौदह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले के सीवन में ऑटो को पिकअप गाड़ी की टक्कर मारकर 14 महिलाओं को घायल करने के मामले में पुलिस ने गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस संबंध में घायलों में से एक युवती ने सीवन थाना में शिकायत दी है। गाड़ी ड्राइवर ने धान लगाने जा रही महिलाओं से भरे ऑटो को सड़क क्रॉस करते समय टक्कर मारी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीवन की रहने वाली किरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10वीं कक्षा तक पढ़ी है। उसके बाद में परिवार के साथ घर पर काम करती है। 30 जून को सुबह करीब साढ़े सात बजे वह पड़ोस की महिंद्रो, सपना, जीतो, संतरो, मुस्कान, नीलम, लाभो, पिंकी, दर्शना, सोनिया, अनु, संतोष व भतेरी के साथ कृष्ण वासी सिरटा के खेत में धान लगाने के लिए ऑटो में सीवन से चले थे। नहर के पास हादसाः जब वे नहर क्रॉस करके कैथल रोड सीवन पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो ऑटो ड्राइवर शमशेर ने अपना ऑटो तेल डलवाने के लिए पंप की साइड में मोड़ने लगा। उसी समय कैथल की तरफ से तेज गति से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनका ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो सवार सभी महिलाएं घायल हो गई। शिकायतकर्ता ने गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।





**कैथल।** हादसे के बाद उड़े आटो को परखचे व अस्तपाल में उपचाराधीन महिला।

#### केस दर्ज

सीवन थाना के जांच अधिकारी शीशपाल ने बताया कि पुलिस ने गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---

### स्थानीय निकाय विभाग ने अविश्वास प्रस्ताव से 2 दिन पहले की कार्रवाई

# गुहला चीकाः विपक्षी खेमे का एक पार्षद सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

स्थानीय निकाय विभाग ने वार्ड 14 के पार्षद जितेंद्र कुमार को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। जितेंद्र के खिलाफ यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के मामले में नामजद होने के बाद की गई है। जितेंद्र कुमार नगर पालिका चीका की उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले 12 पार्षदों में शामिल है। जितेंद्र के निलंबन के बाद विपक्षी खेमे में खलबली मच गई है। अब उन्हें अपनी रणनीति नए तरीके से रचनी पड़ सकती है। पूजा शर्मा को हटाने के लिए कुल 17 है पार्षदों में से कम से कम 12 पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में भुगतना जरूरी है। अविश्वास प्रस्ताव 3 जुलाई को लाया जाना है। गौरतलब है कि हुड्डा निवासी विजय कुमार उर्फ मिंकु सिंगला ने 25 मार्च 2025 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला रेंज को शिकायत सौंपी थी। शिकायत के साथ बातचीत की रिकॉर्डिंग भी सौंपी गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था की जितेंद्र कुमार व दो अन्य पार्षदों ने नगर पालिका चेयरपर्सन रेखा रानी व वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा के खिलाफ किए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रयासों से अलग होने के लिए 50 लाख रुपए की मांग की है। इस शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए सी बी ) ने दिनांक 20 जून 2025 को एफआईआर नंबर 21 दर्ज कर ली थी। पार्षद जितेंद्र कुमार व अन्य दोनों आरोपी पार्षद पर्चा दर्ज होने की तारीख से ही शहर से गायब है। विपक्षी खेमे द्वारा यह लगातार दावे किए जा रहे हैं की अविश्वास प्रस्ताव वाली तारीख को तीन आरोपी पार्षद भी पालिका उपाध्यक्ष पूजा के खिलाफ मतदान करेंगे। जितेंद्र कुमार के निलंबित होने के बाद फिलहाल तो विपक्षी पार्षदों का सपना टूटता नजर आ रहा है।

#### शांत नजर आया सत्ता पक्ष

उधर, अविश्वास प्रस्ताव के घेरे में आया सत्ता पक्ष भी पूरी तरह शांत नजर आया। पालिका उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के पति एवं भाजपा नेता राजीव शर्मा ने मुस्कुराते हुए कहा की यह साजिश बिल्कुल भी कामयाब नहीं होने वाली। उन्होंने कहा कि उनके पास पर्याप्त संख्या मौजूद है और अविश्वास प्रस्ताव बुरी तरह धराशाई हो जाएगा।

#### अविश्वास प्रस्ताव सफल होगाः तरसेम

विपक्षी पार्षदों की अगुवाई कर रहे वार्ड नंबर 16 के पार्षद एवं पूर्व चेयरपर्सन तरसेम गोयल ने कहा कि सत्ता पक्ष के साथ नजर आने वाले दो अन्य पार्षद और उनके संपर्क में हैं। एक पार्षद के निलंबित होने के बाद भी अपने पास 13 पार्षद होने का दावा तरसेम गोयल ने किया। उन्होंने कहा कि हम डंके की चोट पर जीतेंगे।



**जींद।** पेयजल सप्लाई की जांच करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### दनौदा कलां में चलेगा अभियान, कटेंगे अवैध कनेक्शन

**जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव दनौदा कलां में जल संरक्षण अभियान चला कर अवैध कनेक्शन काटे जाएंगे व पेयजल की बर्बादी करने वाले कनेक्शन धारकों को नोटिस दिए जाएंगे। मताना सोमवार को दनौदा कलां के जलघर का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। मताना ने जल संरक्षण अभियान के तहत दनौदा कला जलघर का निरीक्षण करने के बाद वहां पर नियुक्त कर्मचारियों से बैठक की। इसके बाद टीम के साथ गांव में विजिट की। ग्रामीणों द्वारा पेयजल को लेकर कुछ समस्याएं बताई गई व पेयजल बर्बादी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही। जिला सलाहकार ने जल्द ही जेई गोविंद गोयल व खंड समन्वयक सुरेंद्र नरवाल के नेतृत्व में अभियान चलाने की बात कही। गौरतलब है कि दनौदा कलां व दनौदा खुर्द दोनों गांव आपस में जुड़े हुए हैं। इसके कारण पिछले दिनों दनौदा खुर्द में जल संरक्षण अभियान चलाया गया और एक से अधिक कनेक्शन वालों के कनेक्शन काटे गए।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला कल

जींद। जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि तीन जुलाई को रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में एसआईएस ( सिक्योरिटी गार्ड) श्री राम जीवन बीमा केयर लिमिटेड कंपनी के नियोजकों द्वारा भाग लिया जाएगा। मेले में एसआईएस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नियोजकों द्वारा केवल पुरूष प्रार्थियों को सिक्योरिटी गार्ड के पद पर नियुक्त किया जाना है प्रार्थियों की योग्यता कम से कम दसवीं पास, आयु 19 से 40 वर्ष तक, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

### लायंस क्लब ने डा. भोला को सम्मानित किया

जींद। लॉयन्स क्लब जींद ने सोमवार को नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर सिविल अस्पताल के डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. राजेश भोला को उनके स्वास्थ्य विभाग में निस्वार्थ और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया। डा. भोला ने सिविल अस्पताल में हमेशा बिना किसी स्वार्थ के गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सेवा की है। उनकी यह सेवाएं पूरे शहर के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर उन्हें एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिससे उनके योगदान की सराहना की गई।

### शिल्पकारों के हुनर को मिल रही नई पहचान

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। डीसी ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य बिंदु कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना है।

### खेत से सोलर मोटर चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव दनौदा कलां खेतों से बीती रात चोरों ने सोलर पंप से मोटर को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी बलिंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर पंप से मोटर को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह खेत मे पहुचा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूल का टूटा ताला, बर्तन चोरी

जींद। गांव अंटा सरकारी स्कूल के का चोरों ने ताला तोड़ कर बर्तनों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव अंटा सरकारी स्कूल के मुखिया शीशनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर मिड डे मिल बर्तनों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवि में छात्र जमा करवा सकेंगे ऑनलाइन फीस

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ईकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्टूडेंट को ऑनलाइन फीस जमा करवाने की सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय में पहले बैंक में ही फीस कटती थी। जिससे विद्यार्थियों को बहुत सारी समस्या आती थी और विद्यार्थियों को दूर से भी आना पड़ता था। जबकि हरियाणा के हर विश्वविद्यालय और हर महाविद्यालय में फीस ऑनलाइन जमा होती है लेकिन जींद विश्वविद्यालय में अबतक भी ऑफलाइन फीस ही जमा होती थी।

## खानापूर्ति करते नजर आए अधिकारी

# तालाब सौंदर्यीकरण में खामियां मिलने पर जांच के लिए पहुंचे नपा सचिव-चेयरमैन

### मिट्टी डाल कर रोलर चलाने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के अटल पार्क के सामने तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया था। तालाब के वार्ड तीन के पार्षद जितेंद्र लाठर, कुलदीप, कमला देवी, अनिल कुमार, गोविंद आदि लोगों ने तालाब के सौंदर्यकरण में काफी खामियां मिली तो इसकी शिकायत नगरपालिका सचिव को दी है। जांच के लिए सचिव और चेयरमैन तालाब पर पहुंचे। नगरपालिका के अधिकारी मामले में गोलमोल जवाब देते नजर आए। जांच के लिए तो अधिकारी पहुंचे लेकिन कोई भी कर्मचारी ड्राइंग लेकर नहीं पहुंचा। जब आरोपों के बारे में नगरपालिका के सचिव से बात की गई तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया कि काम ड्राइंग के अनुसार ही काम किया गया है। मिट्टी पर रोलर चलाने की बात पर उन्होंने कहा को अब रोलर चला दिया जाएगा लेकिन कितनी मिट्टी डालने के बाद रोलर चलाया जाए, इस बारे में नहीं बता पाए। मौके पर जेई और एमई सचिव के साथ पहुंचे तो लेकिन ड्राइंग लेकर नहीं पहुंचे। यह था मामलाः जीर्णोद्धार पर साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत आएगी। तालाब के सौंदर्यकरण के अनुसार तालाब के चारों तरफ मिट्टी लगाई जा रही है लेकिन मिट्टी के ऊपर रोलर नही चलाया गया। जिससे कुछ समय बाद तालाब में मिट्टी गिरनी शुरू हो जाएगी और तालाब फिर से अट जाएगा। लोगों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी जुलाना में एक तालाब की खुदाई कर तालाब के चारों और मिट्टी लगाई गई थी लेकिन कुछ माह बाद ही मिट्टी में दरारें आनी शुरू हो गई और मिट्टी अब तालाब में गिर रही है। मिट्टी में बड़ी बड़ी दरारें आनी शुरू हो गई हैं।

कस्बे के लोगों ने आरोप लगाया कि तालाब के सौंदर्यकरण के काम में काफी खामियां हैं लेकिन इस ओर प्रशासन का कोई ध्यान नही है। तालाब के पास एक बाबा की कुटिया भी है, जहां रोजाना लोग आते जाते हैं। कुटिया के रास्ते को भी ठेकेदार ने रोक दिया है। इसके अलावा तालाब में पानी साफ करने के लिए बनाए जा रहे टैंक भी ड्राइंग के अनुसार नही बनाए जा रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि सौंदर्यकरण में काफी खामियां हैं। मिट्टी डाल कर रोलर चलाने की है हिदायतः तालाब के सौंदर्यकरण के कार्य में तालाब के चारों ओर मिट्टी डाल कर रोलर चलाने की हिदायत भी है। हिदायत के अनुसार कुछ मिट्टी डालने के बाद रोलर चलाने और मिट्टी अधिक डलने पर बड़ा रोलर चलाने के बारे में आदेश है लेकिन तालाब पर एक बार भी रोलर नही चलाया गया। ऐसे में तालाब के चारों ओर लगाई गई मिट्टी ढहने की समस्या पैदा होगी।

नपा सचिव सौरभ जैन ने बताया कि जुलाना के लोगों ने तालाब के सौंदर्यकरण में हो रही खामियों की शिकायत दी है। मौके पर जाकर मुआयना किया गया है। काम ड्राइंग के अनुसार ही किया गया है। रोलर चलाने के नियम के बारे में तो टेक्निकल ब्रांच ही बता सकती है कि कितनी मिट्टी डालने के बाद रोलर चलाया जाता है। मामले की जांच की जा रही है।


जुलाना। तालाब का निरीक्षण करते अधिकारी और चेयरमैन। फोटो :हरिभूमि

#### जांच होगी

नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने बताया कि तालाब के सौंदर्यकरण के कार्य में हो रही अनियमिता की शिकायत मिली है। मौके पर जाकर जांच की गई। जांच में खामियां मिली हैं। जानबूझ कर सौंदर्यकरण के कार्य में कमी छोड़ी गई है तो मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाएगी।

# रियलिटी शो में छात्रा मेघा ने हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सृष्टि फाऊंडेशन द्वारा आयोजित नटराज उत्सव में स्टूडियो के कोरियोग्राफर जिम्मी बिरला को डांस गुरू अवार्ड दिया गया। इसके अलावा दो अन्य स्टूडेंट्स कोमल कश्यप और तमन्ना गोयल भी नटराव उत्सव की विजेता रही। कोमल कश्यप ने अपनी सफलता का श्रेय कोरियोग्राफर जिम्मी बिरला को देते हुए कहा कि जिम्मी बिरला की मेहनत के कारण यह सब संभव हो पाया है। उन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ विभिन्न नृत्य शैलियों में महारत हासिल की है। इस सफलता से जींद के युवा नृत्य कलाकारों को एक नया मंच और प्रोत्साहन मिला है। जिससे वे आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। अकादमी की इस उपलब्धि से गर्व और उत्साह का माहौल बना दिया। अकेडमी की छात्रा मेघा ने पंजाब में आयोजित केकेएचडी रियलिटी शो में दूसरा स्थान प्राप्त करते जिले का नाम रोशन किया।




किसान राजेश को आर्थिक मदद करते चेक देते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### आर्थिक मदद के लिए सौंपा चेक

उचाना। गेहूं के सीजन में दुर्जनपुर गांव में खड़ी गेहूं फसल में लगी आग से किसान को नुकसान की भरपाई करने के लिए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री अपने वेतन में से किसान राजेश कुमार की मदद करते हुए चेक दिया। निरंतर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री आमजन का सहारा बन रहे है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद वो अपने वेतन से हर महीने कर रहे है। बीमारी के चलते आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, पढ़ाई की इच्छा रखने वाले आर्थिक रूप ये कमजोर परिवार के युवाओं की मदद के साथ.साथ किसी भी तरह की प्राकृति आपदा से कोई घटना घटती है तो उस परिवार का सहारा आर्थिक मदद करके देवेंद्र चतरभुज अत्री बन रहे है। गेहूं के सीजन में फसल में लगी आग से हुए नुकसान की जानकारी लेने के लिए खुद किसान के घर दुर्जनपुर विधायक पहुंचे थे। जितनी भी मदद किसान की होगी उतनी करने का आश्वास विधायक ने दिया था।

### इग्नू पाठ्यक्रम में दाखिले की अंतिम तिथि 15 जुलाई

जींद। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है, उनके लिए इग्नू में अपार संभावनाए हैं। ऐसे विद्यार्थी इग्नू से बैचलर ऑफ आट्र्स, बैचलर ऑफ कॉमर्स, बैचलर ऑफ कॉमर्स इन अकाउंटेंसी एंड फाइनेंस, बैचलर ऑफ साइंस जैसे कोर्स कर सते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी बैचलर ऑफ आट्र्स ओनर्स इन इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पोलिटिकल साइंस, साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशलॉजी, इंग्लिश आदि में भी एडमिशन ले सकते हैं। डॉ धर्मपाल ने बताया कि इग्नू लगभग 350 तरह के शैक्षिक, रोजगार मूलक, जागरूकता सृजन करने वाले और कौशल उन्मुखी अध्ययन कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यह शैक्षिक कार्यक्रम सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक उपाधि, स्नातकोत्तर उपाधि और डॉक्टरेट उपाधि स्तर के हैं।

### क्या कहे कोई, कैसे दें सांत्वना शब्द ही नही

जींद। महिला काव्य मंच जींद ईकाई ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मकाम ईकाई की राष्ट्रीय महासचिव डा. ज्योतिराज उपस्थित रही व विशिष्ट अतिथि डा. मंजू रेढू व कविता शर्मा अध्यक्षा भाजपा महिला मोर्चा जींद रही। कार्यक्रम का संचालन व अध्यक्षता मंजु मानव ने किया। कार्यक्रम का आरंभ डा. रमाकांता ने हे शारदे मां, अज्ञानता से हमें तार दे मां पंक्तियों से किया। सबसे पहले शिखा ने भावुक कर देने वाली बहुत ही खूबसूरत रचना सुनाई जिसका शीर्षक था आज का दिन जी लें बहुत है कल का नही कोई ठिकाना।तत्पश्चात डा. प्रेमलता ने अपने भावों को कुछ यों प्रकट किया क्षण में ही आग का गोला हो गया, तीन मिनट में शुभमंगल अमंगल हो गया। बबीता शर्मा ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम श्रद्धा के फूल उन्हें चढाते हैं, जो बने इस हादसे का निशां। सीमा पटपटिया ने अपनी कविता सुनाई कि अरमान थे जो दिल में, वो रह गए अनदेखे, अनकहे, अनभूले।

### चहक उठा बचपन आया महीना सावन

नरवाना। हर वर्ष की भांति पूरे हरियाणा प्रदेश में सभी स्कूलों की पूरे जून के महीने में अवकाश रहता है। इस जून के महीने में विद्यार्थी गर्मी से आहत ना हो जाए इसलिए सरकार द्वारा जून के महीने में 30 दिन की छुट्टियां की जाती है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कोऑर्डिनेटर राजेश टांक ने बताया कि 1 महीने की छुट्टियों के बाद विद्यालय पूरी तरहसे खुल गए हैं। नोनिहाल बच्चे और शिक्षकों के चेहरों की खुशी स्कूल खुलने के बाद एक अलग प्रकार की है। जहां एक महीने की छुट्टियों में विद्यार्थी परिजन रिश्तेदारों के घर मामा,बुआ, मौसी, दूसरे शहर या गांव में ताऊ, मौसा और अन्य रिश्तेदारों के पास जाकर आनंद उत्सव मनाते हैं।


जींद। कीचड़ से सनी न्यू श्याम नगर कालोनी की गलियां। फोटो :हरिभूमि

### पक्की गलियों का सपना अब भी अधूरा

जींद। पटियाला चौक क्षेत्र की न्यू श्याम नगर कॉलोनी श्याम नगर एक्सटेंशन के निवासी बरसात के मौसम में भारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जहां मानसून अन्य इलाकों में राहत लाता है वहीं इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह मुसीबत का कारण बन जाता है। बारिश के चलते कॉलोनी की कच्ची गलियों में जलभराव और कीचड़ की स्थिति पैदा हो जाती है। जिससे राहगीरों का चलना दुश्वार हो जाता है। कई बार बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के गिरकर चोटिल होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कॉलोनी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकृत की गई थी और इसे नगर परिषद तथा डी प्लान के तहत पक्की सड़कों से जोड़े जाने की योजना बनी थी। परंतु आज तक एक भी गली का पक्का निर्माण नहीं हुआ है। वहीं एक वर्ष पूर्व सीवरेज लाइन बिछा दी गई थीए लेकिन अब तक उसका कोई कनेक्शन नहीं हुआ है। न तो गलियों का निर्माण हुआ है और न ही कोई लिखित आश्वासन प्राप्त हुआ है। स्थानीय लोगों ने कई बार वार्ड पार्षद गुलशन परुथी से लेकर क्षेत्रीय विधायक डा. कृष्ण मिढ्ढा तक गुहार लगाई है।

### न्यास ने किया बैठक का आयोजन

जींद। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के जींद शिक्षा केंद्र की ओर से बैठक का आयोजन प्रो संदीप जमदग्नि की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रमुख शिक्षाविदों की भागिदारिता रही। अशोक दीक्षित ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना, उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि दो जुलाई 2004 से शिक्षा बचाओ आंदोलन प्रारंभ हुआ। आंदोलन निरंतर शिक्षा के पाठ्यक्रमों में व्याप्त विकृतियों, विसंगतियों व विद्रूपताओं के विरुद्ध था। देश में पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यक्रम देशव्यापी विमर्श का केंद्र बिंदु बना। शिक्षा बचाओ आंदोलन को मूर्त संस्थानिक एवं सृजनात्मक स्वरुप प्रदान करते हुए 24 मई 2007 को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का गठन किया गया। शिक्षा का मूल लक्ष्य मनुष्य के चरित्र का निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास हो इसी ध्येय के साथ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने आधारभूत विषयों के रूप में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास पर कार्य करना आरंभ किया। संदीप ने बताया कि भारत की शिक्षा, भारत की संस्कृति, प्रकृति एवं प्रगति के अनुरूप हो इस उद्देश्य के साथ चरित्र निर्माण के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा, वैदिक गणित, व शिक्षा की स्वायत्तता पर कार्य हो।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि


सालासर धाम में परिवार सहित दर्शन करने पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### परिवार संग विधायक ने सालासर धाम में किए दर्शन

उचाना। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने परिवार के साथ सालासर धाम में दर्शन कर हलके में सुखए समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना कर दलीप पुजारी से आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है। निरंतर वो सालासर धाम सहित धार्मिक स्थानों पर जाकर दर्शन कर हलके में सुखए समृद्धि की कामना करते है। सालासर धाम प्रसिद्ध धामों में से एक है जहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।



जींद। सेवानिवृत्ति पर बिमला देवी को सम्मानित करती सिविल सर्जन।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

जींद। नागरिक अस्पताल के पीपी सैन्टर में स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद कार्यरत बिमला देवी अपने 38 साल के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हो गई। उनकी सेवानिवृत होने पर नागरिक अस्पताल में एक सम्मान समारोह को आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता तथा उप सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डा. अरविंद कुमार, डा. मन्जू सिंगला, डा. रमनदीप तथा जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा की उपस्थिति में पीपी सेंटर नागरिक अस्पताल के समस्त स्टाफ द्वारा द्वारा सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने इस अवसर पर बताया कि बिमला देवी ने अपनी डयूटी का निर्वाह कर्तव्यनिष्ठा व पूरी लग्न के साथ किया।

# हर्बल पार्क में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी कांता यादव की देखरेख में हर्बल पार्क में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने की। कार्यक्रम का आयोजन उस समय किया गया जब प्रातःकालीन समय में आमजन सैर, व्यायाम एवं योग के लिए पार्क में एकत्र होते हैं। इस अवसर का लाभ उठाते हुए आमजन को बेटियों के महत्व, उनकी शिक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने अपने संबोधन में कहा कि बेटी सिर्फ एक परिवार की नहीं बल्कि दो-दो परिवारों की सूत्रधार होती हैं। हमें यह पुरानी सोच छोडऩी होगी कि बेटा ही बुढ़ापे का सहारा है और बेटी एक बोझ है। समाज को चाहिए कि वह बेटियों को समान अवसर देकर उन्हें आगे बढऩे का पूरा हक दें। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के बाद वहां मौजूद बेटी के हाथों पौधारोपण भी करवाया गया। जिसे आमजन ने बहुत सराहा। साथ ही बेटियों के अभिभावकों को पौधे स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पेड़ व पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ व पौधे जीवन का आधार हैं।



जींद। कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जानकारी देते अग्रवाल जनहित समिति संस्थापक लाला रामनिवास करसिंधु।

### नशा विरोधी अभियान चलाएगी अग्रवाल समिति

उचाना। अग्रवाल जनहित समिति शहर के सभी वार्डों में नशा छोड़ो और छुटवाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करके युवाओं, वार्ड के लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक करेगी। समिति के संस्थापक लाला रामनिवास करसिंधु ने बताया कि नशा आज सबसे बड़ी बुराई बना हुआ है। जो भी आज अपराध हो रहा है वो नशे की वजह से हो रहा है। नशे से लोगों को बचने के लिए प्रेरित शहर के वार्डों में जाकर किया जाएगा। हम एक अगर व्यक्ति को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करते है तो हम नशा छुटवाओ अभियान में अपना सहयोग देते है। नशा से एक नहीं बल्कि कई नुकसान होते है। करसिंधु ने कहा कि नशा करने वाले का परिवार कभी जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता है तो घर में झगड़े नशा करने से होते है। नशा करने वाला आर्थिक रूप से कमजोर होता है तो शरीर को भी नुकसान होता है। घर का कोई भी बड़ा सदस्य अगर नशा करता है तो इसका असर परिवार के युवाओं पर पड़ता है। इसलिए नशे से बचना चाहिए ताकि परिवार खुशहाल हो साथ.साथ में आर्थिक रूप से परिवार को जो नुकसान नशा करने से होता है वो न हो।

## प्रथम चरण में 11 जुलाई से 13 जुलाई तक होंगी प्रतियोगिताएं

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ को लेकर शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खेल विभाग के महानिदेशक ने प्रदेशस्तरीय खेल महाकुंभ को लेकर शेड्यूल जारी किया है। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ दो चरणों में होगा। प्रथम चरण में 11 जुलाई से 13 जुलाई तक और 15 से 17 जुलाई तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें आर्चरी, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, वालीबॉल, फेंसिंग, हॉकी सहित 26 तरह के खेल शामिल हैं। जींद जिले में 15 से 17 जुलाई तक दूसरे चरण के तहत कुश्ती फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन और रोइंग की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें महिला और पुरुष खिलाड़ी अलग-अलग कैटेगरी में अपना दमखम दिखाएंगे। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तर पर खिलाडियों का दो दिवसीय ट्रायल तीन और चार जुलाई को लिया जाएगा। इस ट्रायल के दौरान जिले से लगभग 341 पुरुष और 334 महिला खिलाडियों का चयन किया जाना है। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाण पत्र व जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।


एकलव्य स्टेडियम।

### प्रथम चरण में ये प्रतियोगिता

| जगह | खेल | दिनांक |
|---|---|---|
| पंचकूला | एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल | 11 से 13 जुलाई |
| पलवल | क्रिकेट, बॉक्सिंग वालीबॉल | 11 से 13 जुलाई |
| कुरुक्षेत्र | हॉकी लडके, साइकिलिंग, जुडो | 11 से 13 जुलाई |
| करनाल | फेंसिंग, कैनोइंग, ड्रैगन बॉट | 11 से 13 जुलाई |
| हिसार | हॉकी लड़कियां, हैंडबॉल | 11 से 13 जुलाई |
| राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के दूसरे चरण में यह होंगी खेल प्रतियोगिताएं | | |
| जींद | कुश्ती फ्री स्टाइल, कुश्ती ग्रीको रोमन, रोइंग | 15 से 17 जुलाई |
| फरीदाबाद | शूटिंग और ताइक्वांडो | 15 से 17 जुलाई |
| रोहतक | खो-खो, फुटबॉल, नेटबॉल | 15 से 17 जुलाई |
| गुरुग्राम | कबड्डी, ऑर्चरी | 15 से 17 जुलाई |
| अंबाला | स्वीमिंग और जिम्नास्टिक | 15 से 17 जुलाई |


नरवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### इंग्लिश स्पोकन ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

नरवाना। वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूलए बसंत विहार में शिक्षकों के संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते एक विशेष इंग्लिश स्पोकन ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर चंडीगढ़ से पधारे जाने.माने ट्रेनर डोमिनिक जोसेफ द्वारा संचालित किया गयाए जिनका संवाद कौशल और प्रभावशाली प्रस्तुति सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य शिक्षकों को न केवल अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाना थाए बल्कि उनमें आत्मविश्वासए सशक्त अभिव्यक्ति और समयानुकूल संवाद की योग्यता विकसित करना भी था। कार्यक्रम की शुरुआत जोश और उमंग के साथ हुईए जिसमें विद्यालय के लगभग 50 शिक्षक.शिक्षिकाओं ने भाग लिया। ट्रेनर डोमिनिक जोसेफ ने रोल.प्लेए स्टोरी टेलिंगए रियल.लाइफ डायलॉग्स और इंटरएक्टिव गेम्स के जरिए सभी प्रतिभागियों को इस तरह जोड़ा कि पूरा माहौल सीखने के साथ.साथ आनंदमय हो गया। शिक्षकों ने झिझक छोड़कर आत्मविश्वास के साथ मंच पर संवाद प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशक प्रदीप नैन, प्रधानाचार्या वीणा डारा और रश्मि जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने हजारों के ट्रांसफार्मर चुराए

**कैथल।** गांव हाबडी और टयोंठा से चोर लाखों रुपए के बिजली के ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम पुंडरी की एसडीओ सपना ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 जून को चोर गांव हावडी के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। इसी प्रकार से दूसरे मामले में उन्होंने आरोप लगाया है कि कर 27 जून को चोर हाबडी के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**कैथल।** मायापुरी कॉलोनी से चोर एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने व चांदी के जेवरात और नकदी चुरा कर ले गए। शीशपाल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस शिकायत में बताया कि 28 जून को कर रात के समय उनके मकान में घुसकर वहां पर रखे सोने के पांच तोले के जेवरात तथा 70000 की नकदी चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 5 लाख बताई गई है।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास : डॉ सुभाष

**पूंडरी।** डॉक्टर डे के अवसर पर पूंडरी के समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुभाष बंसल ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में खुद को फिट रखना सबसे ज़रूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। हर व्यक्ति को नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए, संतुलित आहार लेना चाहिए।

### सोमवार व वीरवार को लग रहे समाधान शिविर

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। यह समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविर में आमजन प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन आदि समस्याओं का समाधान मौके पर करवा सकते हैं।

### मनरेगा मजदूरों को धान रोपाई से पहले मिले काम

**पूंडरी।** एक्शन एड संस्था, मनरेगा मजदूर एकता मंच हरियाणा के सदस्यों ने काम मांगो अभियान के दौरान गांव टयोंठा के मनरेगा मजदूरों के साथ एक बैठक की गई। रमेश सिरसवाल मनरेगा मेट ने बताया कि 15 जून से धान रोपाई का काम शुरू हो जाता है। सुरेश टांक ने मनरेगा मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनरेगा मेटो को कौशल रोजगार के तहत पक्का रोजगार दिया जाए।

### महिला से मारपीट में पुलिस कर्मियों पर केस

**कैथल।** कैथल के सीवन में पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए बुलाई एक महिला से मारपीट करने और मानसिक रूप से परेशान करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस कर्मचारियों पर आरोप है कि, चारों ने एक लड़की लापता होने के मामले में महिला को थाने बुलाया और पूछताछ के बहाने मारपीट की थी।

### सीआरएसयू वीसी से मिले कई संगठनों के लोग

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर प्रो. डा. रामपाल सैनी की नियुक्ति पर मंगलवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े सामाजिक, शैक्षणिक और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने विवि में पहुंच कर वीसी से मुलाकात की। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन फेडरेशन ऑफ इंडिया, सीनियर सिटीजन फोरम जींद, भारत विकास परिषद, जैन सभा तथा पूर्व सैनिक कल्याण संगठन, पंजाबी कल्याण सभा अर्बन स्टेट जींद से जुड़े सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठनों के लोगों ने वीसी को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और विश्वविद्यालय को एक उत्कृष्ट संस्थान बनाने की सहयोग का आश्वासन भी दिया।

---

### मैराथन के सफल एवं भव्य आयोजन लिए कमेटी का किया गठन

# कैथल मैराथन को लेकर तैयारियां पूरी रखें अधिकारीः डीसी प्रीति

**13 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिखाएंगे हरी झंडी**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी प्रीति ने कहा कि आगामी 13 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल में मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अधिकारी इस मैराथन 2025 को लेकर सभी समय रहते अपनी तैयारियां पूरी करें। जल्द से जल्द मुख्य कार्यक्रम स्थल और मैराथन के लिए रूट प्लान फाइनल किया जाए, ताकि उसके अनुसार व्यवस्था की जा सके। इसके साथ ही सभी अधिकारी अपने अपने विभाग के सभी अधीनस्थ कर्मचारियों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवकों व आमजन के ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाएं। साथ ही स्वयं सेवी संस्थाएं, प्रगतिशील किसान, युवा, जिले में कुछ विशेष करने वाले समूह इस मैराथन में बढ़चढ़ कर भाग लें। मैराथन रूट पर अपनी कला व कोई विशेष हुनर है तो उसके प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगा सकते हैं। डीसी प्रीति लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस रूम में चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थीं।

उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर आधारित कैथल हॉफ मैराथन को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इस कार्यक्रम के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए एडीसी दीपक बाबूलाल करवा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एडीसी, एसडीएम कैथल, डीएसपी हेड क्वार्टर तथा डीएसपी ट्रैफिक की संयुक्त कमेटी मौके का निरीक्षण करके रूट निर्धारित करेगी। मैराथन में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसपी आस्था मोदी ने मैराथन के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी बीरभान, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डा. मनोज कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी डा. नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### तीन श्रेणियों में आयोजित होगी मैराथन

डीसी प्रीति ने बताया कि मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी। इसमें 21 किलोमीटर व 10 किलोमीटर की प्रोफेशनल तथा पांच किलोमीटर रन फार फन रेस शामिल हैं। 21 किलोमीटर की मैराथन में भाग लेने के लिए 200 रुपये तथा 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेने के लिए 100 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है। पांच किलोमीटर मैराथन की रजिस्ट्रेशन के लिए कोई फीस नहीं है।

#### मैराथन विजेताओं को दिया जाएगा नकद पुरस्कार

डीसी प्रीति ने बताया कि यदि कोई (महिला या पुरुष अलग-अलग कैटेगरी में) 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं तो उन्हें एक लाख 50 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को एक लाख 25 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर एक लाख रुपये का नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं 10 किलोमीटर मैराथन में प्रथम विजेता को एक लाख रुपये, द्वितीय को 75 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपये की नकद इनाम दिया जाएगा। वहीं पांच किलोमीटर की दौड़ रन फॉर फन होगी।

---


**कैथल।** डीसी प्रीति जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# कम लिंगानुपात वाले गांवों में सुधार की रणनीति बनाएं

- जमीनी स्तर पर कार्ययोजना बनाकर करें निगरानी, तथ्यों का विश्लेषण कर असली कारण जानें, फिर सख्त कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में लिंगानुपात में सुधार के लिए सभी संबंधित विभाग टीम वर्क के साथ काम करें। स्टैंडिंग कमेटी के सभी सदस्य जिले में लिंग जांच एवं भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति तैयार करें। जिन गांव में लिंगानुपात खराब है, उन गांव में विशेष फोकस किया जाए। सबसे कम लिंगानुपात वाले गांवों में गर्भपात जैसे तथ्यों का विश्लेषण करें, लिंगानुपात कम होने का असली कारण पता लगाकर जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाए। बेटी बचाओ-बेटी बचाओ अभियान के तहत गांव में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कैंप लगाए जाएं। आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर निगरानी रखें और गर्भवती महिलाओं का डाटा अपडेट रखें। पुलिस विभाग लिंग जांच के केस में सख्त कार्रवाई करते हुए उदाहरण पेश करें, ताकि कोई इस प्रकार का कृत्य न करें। डीसी प्रीति मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि जिले में स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर, एमटीपी सेंटर तथा आईवीएफ सेंटरों की निगरानी रखें और उनका समय समय पर औचक निरीक्षण किया जाए। जिला ड्रग कंट्रोलर सुनिश्चित करें कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से एमटीपी किट नहीं बेची जाए। समय-समय पर मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया जाए। वहीं गांव में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएं।

#### सख्त कार्रवाई करें

उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाल ही में एमटीपी किट के संबंध में दर्ज एफआईआर में सख्त कार्रवाई करें। ताकि लोगों को जानकारी मिल सके कि कन्या भ्रूण हत्या कानूनी अपराध है। उन्होंने एक-एक करके कम लिंगानुपात वाले गांवों को लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीआइपीआरओ नसीब सिंह सैनी, पीओ शशि, डा. चेतन वर्मा, अमित कौशिक आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

# नचले हरियाणा में तृतीय रही लक्ष्मी

- खानपुर के राजकीय मिडल स्कूल की छात्रा ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन


**सीवन।** छात्रा लक्ष्मी को फूल माला पहनाकर ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हरपाल सिंह व स्कूल इंचार्ज। *फोटो: हरिभूमि*

खानपुर के राजकीय मिडल स्कूल की छात्रा लक्ष्मी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में आयोजित हुए नचले हरियाणा कार्यक्रम में स्कूल की छात्रा ने तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल और गांव का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया।

छात्रा लक्ष्मी की इस उपलब्धि के लिए स्कूल में विशेष स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल में आयोजित स्वागत समारोह में लक्ष्मी का स्वागत किया गया, जिसमें गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और अभिभावकों ने भाग लिया। समस्त ग्रामवासी लक्ष्मी को आशीर्वाद देने के लिए स्कूल में पहुंचे। स्वागत समारोह के दौरान छात्रा को डीडीओ हरपाल सिंह ओर स्कूल इंचार्ज रेखा देवी ने फूल मालाओं पहनाकर ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। लक्ष्मी को घर से स्कूल तक ढोल ओर नगाड़ों के साथ स्कूल के स्वागत स्थल पर लाया गया। कार्यक्रम के दौरान वाइस चेयरमैन कर्मवीर फौजी ने कहा आज हमारे स्कूल की छात्रा की उपलब्धि पर हम सबके लिए लिए सभी के लिए गर्व की बात है।

---

# कैथल रोड बना जलभराव का गड्ढा, मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी


**पूंडरी।** कैथल मार्ग पर सडक के बीचों-बीच लगा सांकेतिक चेतावनी बोर्ड।

कैथल मुख्य मार्ग पर बरसात ने प्रशासन की पोल खोल दी। सोमवार को हुई बरसात ने यह साबित कर दिया कि करोड़ों की लागत से बनाई गई सडकें सिर्फ कागजों में मजबूत हैं। पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण सडकें जगह-जगह से टूट गईं और सडक पर जलभराव इतना ज्यादा हो गया कि गड्ढे पानी में छिप गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए स्थानीय दुकानदारों ने खुद सड? के बीचों-बीच सांकेतिक चेतावनी बोर्ड लगा दिए ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाया जा सके। प्रशासन की नींद में खलल डालने की ये कोशिश, उन अफसरों के लिए एक करारा संदेश है जो इसी रास्ते से रोज गुजरते हैं लेकिन आंखें मूंदे रहते हैं। यह मार्ग पूंडरी को कैथल से जोडऩे वाला मुख्य मार्ग है और यहीं से प्रशासनिक अधिकारी और मंत्री भी गुजरते हैं, लेकिन शायद गड्ढों में भरे पानी की गहराई से ज़्यादा उन्हें अपनी चुप्पी की गहराई प्यारी है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बरसात के कारण उनकी दुकानदारी ठप हो गई है। लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है और ग्राहक सडकों की बदहाली देखकर लौट जाते हैं।

#### जवाबदेही कौन लेगा

क्या जिम्मेदार विभाग सिर्फ बारिश को कोसते रहेंगे, या फिर कोई ठोस कदम भी उठाएंगे क्या करोड़ों की लागत से बनी सडकों की दुर्दशा पर अब भी चुप्पी साधी जाएगी

#### ठेकेदार ने दी सफाई

इस बीच ठेकेदार रविंद्र कुमार ने जानकारी दी कि कैथल रोड पर नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है और अगले 3 से 4 दिनों में पानी निकासी की समस्या का समाधान हो जाएगा। कुछ दुकानदारों द्वारा नालों पर अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिससे सफाई कार्य बाधित हो रहा था। अब नाले खोले जा रहे हैं। रविंद्र कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि विधायक सतपाल जांबा के सख्त निर्देश हैं कि किसी भी हालत में नालों को पूरी तरह खोला जाए और पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए।

---

## नशा न करने के लिए किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर खुशहाल माजरा, नानकपुर, बुबकपुर, अंगौध व खानपुर में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा छुडवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।





## तेजवीर गुर्जर साथियों सहित पंचकूला शक्ति भवन पर आयोजित प्रदर्शन में हुए शामिल

**पूंडरी।** बजली दरों में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ इंडियन नेशनल लोकदल ने आज पंचकूला में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इनैलो जिला प्रधान महासचिव तेजवीर गुर्जर ढांड अपने साथियों सहित इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। तेजवीर गुर्जर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन पर महंगाई का बोझ डालते हुए बिजली दरों में बेइंतहा बढ़ोतरी की गई है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्ग सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनैलो जनता की आवाज बनकर इस अन्याय के खिलाफ सडकों पर उतरी है और पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार यह संघर्ष और भी तेज होगा। उन्होंने बताया कि इनैलो वर्करों ने पार्टी सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजारा के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ यह जोरदार प्रदर्शन किया। तेजवीर गुर्जर ने आमजन से आह्वान किया कि वे इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद करें और इनैलो के आगामी आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

---

# हैंड वाश करने के तरीके बताए

- सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ के तहत चीका में स्वच्छता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** विद्यार्थियों को जानकारी देते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

नगरपालिका चीका सचिव जितेंद्र शर्मा के आदेशानुसार 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक शहर में /"सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ/" अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में आज वार्ड नंबर एक के सरकारी स्कूल में म्युनिसिपल कोऑर्डिनेटर प्रकाश व मदन शर्मा द्वारा बच्चों को हाथ धोने के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। इस हैंड वाश गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों और समुदाय के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और यह समझाना था कि नियमित रूप से हाथ धोना बीमारियों से बचने का एक सरल व प्रभावी उपाय है।

**हैंड वाश गतिविधि के उद्देश्यः**

⏭हाथ धोने के महत्व को समझानाः लोगों को बताया गया कि हाथों की सफाई न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है।

⏭सही तकनीक सिखानाः प्रतिभागियों को साबुन और पानी से हाथ धोने की सही विधि सिखाई गई।

⏭स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ानाः कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया।

---

### रोड साइड एक्सीडेंट की मरीजों की बचाई जा सकेगी जान

# सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में ट्रामा सेंटर की शुरुआत


**कैथल।** डा. जसजीत सिंह का स्वागत करते मोहित भारद्वाज। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल के उजाला सिग्नस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कैथल में मंगलवार को डॉक्टर डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उजाला सिग्नस ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर जसजीत सिंह थे। कार्यक्रम में अस्पताल के क्रेडिट मार्केटिंग मैनेजर मोहित भारद्वाज द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। डॉक्टर जसजीत सिंह ने कैथल व प्रदेश की जनता को अस्पताल की ओर से डॉक्टर डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब उन्होंने कैथल में अस्पताल शुरू किया था तो यहां पर मैडिकल में आधुनिक सुविधाओं का अभाव था। इसी को लेकर उनके द्वारा उजाला सिग्नस अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई गई है ताकि यहां के मरीजों को इलाज के लिए दूर के स्थान पर न भटकना पड़े। उन्होंने बताया कि यह कैथल का पहला इकलौता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है। उन्होंने अस्पताल में निरंतर नई सुविधाओं को जोड़ा है। इस अवसर पर उनके द्वारा अस्पताल के विभिन्न कर्मचारी को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उनके साथ विकास, सुरेंद्र कैंदल, डा. अंजू, डा. भवानी शंकर, डा. एसके दास, डा. आर्यन कक्कड, डा. गौरव जैन, डा. अंजु यादव आदि उपस्थित थे।

#### सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई

इस बार भी डॉक्टर डे के अवसर पर अस्पताल में क्रिटिकल केयर या ट्रॉमा सेंटर शुरू किया है। इससे पूर्व अस्पताल में मां और बच्चे के लिए बड़ा केंद्र स्थापित किया गया था। क्रिटिकल केयर या ट्रॉमा सेंटर की टीम के लिए डॉ अमित को हेड नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि रोड साइड एक्सीडेंट के मरीज के लिए कईं आधुनिक चिकित्सकों की जरूरत पड़ती है जो सभी अस्पताल में मुहैया करवाए गए हैं। इनमें न्यूरोसर्जन, ऑर्थो सर्जन, जनरल सर्जन, रेडियोलाजिस्ट व सुपर इंटेंसिव का होना अनिवार्य है। इसके अलावा सभी प्रकार की सुविधा मुहैया करवाई गई है ताकि आपात स्थिति में मरीज को समय रहते उपचार देते हुए उसका जीवन बचाया जा सके।

---

# फोन पर खुद को अधिकारी बताने वालों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

यदि कोई व्यक्ति पुलिस अधिकारी, ई.डी या सी.बी.आई. अधिकारी बनकर ऑनलाइन माध्यम से रुपयो की मांग करता है तो सावधान हो जाये क्योकि ऐसा करने पर आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते है। कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से रुपयों की मांग नहीं करता और यदि कोई ऐसा कर रहा है तो निश्चित तौर पर वह साइबर अपराधी है जो आपको साइबर फ्रॉड का शिकार बनाना चाहता है। वर्तमान में साइबर अपराधियो द्वारा अलग-2 प्रकार के तरीके अपनाते हुए लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

ऐसे मे जरूरी है कि आमजन सावधान रहे और अनजान व्यक्ति की बातो मे आकर रुपयो की ट्रांसफर ना करे।

**सूचना**

मैं, किताब सिंह पुत्र श्री सुलतान सिंह निवासी गांव गोबिन्दपुरा जिला जींद बयान करता हूं कि मेरे पिता का पीएनबी बैंक ब्रांच जींद में बचत खाता खुला हुआ है जिसमें मेरे पिता का नाम सुलतान सिंह दर्ज है जबकि मेरे पिता के सभी कागजात में मेरे पिता का नाम राम सिंह दर्ज है। सुलतान सिंह एवं राम सिंह नाम के अलग-अलग व्यक्ति ना होकर दोनों नाम मेरे पिता यानि एक ही व्यक्ति हैं।

## खबर संक्षेप



### राइस मिल मालिक का अवैध निर्माण गिराया

**कैथल।** शहर की जनकपुरी कालोनी में मंगलवार दोपहर के समय नगर परिषद की टीम ने राइस मिल मालिक की ओर से किया गया अवैध निर्माण गिराया। इस दौरान अवैध निर्माण करने वाले गली में चार से पांच फीट तक जमीन पर ही दीवार बनाई गई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि जनकपरी कॉलोनी में स्थित गली नंबर 12 मे एक राइस मिल मालिक ने जमीन पर दीवार बनाई हुई थी। इसको लेकर संबंधित मालिक को पहले कई बार नोटिस भी दिया गया, लेकिन अवैध निर्माण को ढहाया गया।

### एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्यों ने कैथल मार्ग पर मंगलवार को पौधारोपण किया गया। एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान ब्रह्मकुमारी बहनों ने कहा कि पौधो से बहुत कुछ मिलता है,ऐसे में हमारा भी फर्ज बनता है कि हम भी मां प्रकृति के संरक्षण के लिए अपना हाथ बढ़ाएं, चलो आज एक पौधा मां के नाम लगाएं। उन्होंने कहा कि पौधो की देखभाल करना भी हमारा परम कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि पौधा लगाना बडी बात नहीं बल्कि उसे संभाल करना बहुत जरूरी है।

# यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर आज आएगी दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट

## महाविद्यालयों में अभी भी आधे से ज्यादा सीटें खाली

- पहली मेरिट लिस्ट के लिए फीस जमा करवाने का एक दिन और मिला
- दूसरी मेरिट लिस्ट के लिए जरूरी दस्तावेजों को तैयार कर लें छात्र : प्रो. सत्यवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कॉलेजों में यूजी कोर्स में प्रथम मेरिट लिस्ट दाखिले को लेकर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिन छात्रों का पहली मेरिट लिस्ट में नाम आया था उनके पास फीस जमा करवाने का 30 जून अंतिम दिन था लेकिन पोर्टल में दिक्कत के चलते निदेशालय ने छात्रों को फीस जमा करवाने के लिए मंगलवार को एक दिन अतिरिक्त दिया। जिससे काफी छात्रों ने साइबर कैफों, मोबाइल के माध्यम से अपनी फीस जमा करवाई। अब भी कई ऐसे छात्र हैं, जिन्हें अपने मनपसंद कोर्स में एडमिशन, मनपसंद महाविद्यालय या मनपसंद संकाय नही मिला है। अब ऐसे छात्रों को दूसरी मेरिट लिस्ट व ओपन काउंसलिंग का इंतजार है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय दो जुलाई को प्रोविजनल मेरिट जारी की जाएगी। तीन जुलाई को मेरिअ सूची जारी होगी और सात जुलाई तक छात्र अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। ऐसे में दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होने तक विद्यार्थियों को चाहिए कि वो दाखिले के लिए अपने जरूरी डॉक्यूमेंट्स पूरे करवा लें, ताकि उन्हें दाखिला प्रक्रिया में भाग लेते हुए किसी तरह की परेशानी न हो।



जींद। दस्तावेजों की जांच करवाते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### ये डॉक्यूमेंटस करें पूरे

यूजी कोर्स में दाखिले के लिए छात्रों को 10वीं कक्षा की डीएमसी की दो फोटो कॉपी, 12वीं कक्षा की डीएमसी की दो फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, ओरिजिनल चरित्र प्रमाण पत्र, ओरिजिनल माइग्रेशन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, ऑनलाइन फीस भरने की रसीद, रिहायशी प्रमाण पत्र, एनएसएस, एनसीसी, खेल सहित अन्य क्षेत्र के सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र, इनकम सर्टिफिकेट, फैमिली आईडी, छात्र की बैंक पासबुक व फोटो कॉपी जरूरी है। अभी भी कॉलेजों में आधी से ज्यादा सीटें रिक्त यूजी कोर्स में दाखिले की बात की जाए तो अभी भी कॉलेजों में आधी से ज्यादा सीटें रिक्त हैं। राजकीय कॉलेज व प्रियदर्शनी आईजी कॉलेज छात्रों की पहली पसंद रहती है लेकिन इस बार छात्रों ने एडमिशन के लिए कम ही रूचि दिखाई है। सरकारी कॉलेजों में कुल 1630 सीटें हैं और केवल 624 सीटों पर ही दाखिले लिए गए हैं। कला संकाय में सबसे अधिक 600 सीट पर केवल 280 छात्रों ने दाखिला लिया है। वहीं बीएससी फिजिकल साइंस में तो छात्रों ने रूचि ही नही दिखाई। कुल 300 सीटों पर केवल 65 छात्रों ने दाखिला लिया है। यहां 1004 सीटें रिक्त हैं। इसी तरह राजकीय महिला महाविद्यालय में भी आधी से ज्यादा सीटें रिक्त हैं।

### तीन जुलाई को जारी होगी दूसरी सूची

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में स्नातक प्रथम वर्ष की दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम सूची की छात्राओं को दाखिला लेने के लिए बढ़ाई गई है। एक जुलाई होने से महाविद्यालय में दाखिला लेने वाली छात्राओं का उत्साह देखने को मिला। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा दाखिला लेने के लिए दूसरी सूची तीन जुलाई को जारी की जाएगी। चार जुलाई को छात्राएं अपने मूल दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में दाखिला कमेटी से अपने प्रमाण पत्रों की जांच करवा कर प्रवेश प्राप्त करेगी। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नंबर डाल कर छात्राएं दूसरी सूची देख सकती हैं।

### आगामी एडमिशन का शेड्यूल

- ▶▶|दूसरी मेरिट लिस्ट दो जुलाई को जारी होगी।
- ▶▶|तीन जुलाई से सात जुलाई तक फीस जमा होगी।
- ▶▶| तीसरी फिजिकल काउंसिलिंग नौ जुलाई से।
- ▶▶| सीट खाली रही तो 10 जुलाई को
- ▶▶|दोबारा पोर्टल खोला जाएगा। 10
- ▶▶|जुलाई के बाद 100 रुपये प्रति दिन लेट फीस के साथ फार्म जमा होगा।

### दस्तावेज पूरे रखें विद्यार्थी

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि मंगलवार को भी कई छात्रों ने अपनी दाखिला फीस जमा करवाई है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थियों के दाखिले के लिए फीस जमा करवाने के लिए मंगलवार को भी समय दिया गया है। अब दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट दो जुलाई को जारी होगी। फाइनल मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को जारी होगी। तब तक विद्यार्थी अपने सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स पूरे कर लें ताकि दाखिला लेते हुए उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।



**राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक।**

# प्राचार्य बलजीत गोयत को बीसी गुप्ता शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



- 12 जुलाई को आयोजित होगा कार्यक्रम।

भारत के जाने माने शिक्षाविद बलबीर चंद गुप्ता की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्राचार्य बलजीत गोयत को सम्मानित किया जायेगा। मानव मित्र मंडल व प्रगतिशील समाज द्वारा यह कार्यक्रम 12 जुलाई को एक निजी पैलेस में आयोजित किया जा रहा है। मंडल सचिव नरेश वत्स ने जानकारी दी कि प्रत्येक वर्ष बलबीर चंद की पुण्यतिथि पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और नरवाना के एक श्रेष्ठ शिक्षक को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाता है।

मॉडल संस्कृति राजकीय विद्यालय बेलरखा के प्राचार्य बलजीत गोयत क्षेत्र में एक जाना माना नाम है। उनके कुशल नेतृत्व में बेलरखा का स्थानीय विद्यालय पूरे देश में ख्याति प्राप्त कर रहा है। इस सरकारी स्कूल से प्रेरणा लेने राज्य के कोने कोने से शिक्षकए बुद्धिजीवीए छात्र और पत्रकार आते हैं। वे अनेक शैक्षणिक समिति के सदस्य है और प्राचार्य संगठन के प्रधान हैं। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों को उनका सक्रिय सहयोग रहता है। वे दिन-रात शिक्षा सेवा में रत है। उनके नाम की प्रस्तावना शहर के शैक्षिक व सामाजिक संगठनों ने सर्वसम्मति से की। इस कार्यक्रम में शहर के 15 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल से दिनेश गोयल, महावीर गुप्ता, कर्मचंद मित्तल, गुरप्रीत दुआ प्रगतिशील समाज से अचल मित्तल, सुमित गर्ग, रोबिन, विनोद धीमान, विनोद शर्मा लायंस क्लब से सौरभ चौधरी, पुनीत जैन, प्रदीप गर्ग नारायण सेवा संस्थान से राजेन्द्र गर्ग साहिल उपस्थित रहे।

### नर्सरी फ्रूट लाइसेंस तथा नर्सरी बीज लाइसेंस 90 दिन के अंदर मिलेगा

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा बागवानी विभाग की सात सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियमए 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय.सीमा निर्धारित की है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सचिव द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार बागवानी विभाग के अन्तर्गत हॉर्टनेट के तहत पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करने उपरान्त आवेदन की स्वीकृति, भावांतर भरपाई योजना के तहत दावेदार द्वारा दावा प्रस्तुत के बाद प्रोत्साहन के निपटान तथा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत सक्षम प्राधिकरण से अनुमोदन उपरान्त दावे के निपटान के लिए 21 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई है। डीसी ने बताया कि नर्सरी फ्रूट लाइसेंस तथा नर्सरी बीज लाइसेंस 90 दिन के अंदर प्रदान किया जाएगा। हॉर्टनेट के तहत निधि की उपलब्धता के आधार पर भौतिक सत्यापन के बाद सब्सिडी का वितरण 30 दिन के अंदर जबकि सम्पूर्ण दस्तावेज और किसान उत्पादक संगठन के गठन की व्यवहार्यता रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद किसान उत्पादक संगठन का सूचीकरण 45 दिन के अन्दर किया जाएगा।

# बेसिक कम्प्यूटर का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्रए सच्चा खेड़ा पर चल रहे तिमाही बेसिक कम्प्यूटर और सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें अलग. अलग गांव से विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कंप्यूटर प्रशिक्षक संदीप नैन द्वारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर से संबंधित एमएसवर्डएएमएसएक्सेलएएमएस पावर पवाइंट में काम करनाए नेटवर्क इंटरनेट का इस्तमालए फाइल ट्रांसफर करना तथा हार्डवेयर.सॉफ्टवेर आदि के बारे में सिखाया गया। केंद्र निदेशक श्री हितेश कालरा ने विद्यार्थियों को बताया कि आजकल हर कार्य करने के लिए कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य हो गया हैद्य कंप्यूटर आज के समय में हमारे दैनिक जीवन का एक आवश्यक घटक है। इसका मतलब है कि कंप्यूटर का उपयोग व्यावहारिक रूप से हर उद्योग में किया जाता हैए जो हमारे दैनिक कार्यों को सुविधाजनक और तेज़ बनाता है। आजए कंप्यूटर का उपयोग हमारे घरोंए बैंकोंए दुकानोंए स्कूलोंए अस्पतालों और रेलवे सहित विभिन्न स्थानों पर किया जाता है। हमें कंप्यूटर के मूल सिद्धांतों के बारे में पता होना चाहिए क्योंकि वे हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। अंत में पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र को वितरित किया और साथ में केंद्र पर चलने वाले निशुल्क प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया।



जींद। प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी।

# बिना नंबर प्लेट की बाइकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

- नए बस अड्डे के निकट चलाया अभियान, आधा दर्जन बाइक सवारों को किया काबू
- बिना दस्तावेज की बाइकों को किया इम्पाउंड व काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सिविल लाइन थाना पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली तथा आधे अधुरे कागजातों वाली बाइकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। देर सिविल लाइन थाना पुलिस ने बस अड्डे के निकट अभियान चला कर आधा दर्जन बाइकों को कब्जे में लिया है। जिसके दस्तावेज आधे अधूरे मिले, उनके चालान काटे गए। बिना नंबर प्लेट तथा बिना दस्तावेज वाली बाइकों का इम्पाउंड किया गया।







जींद। बस अड्डा के निकट तैनात पुलिस पीसीआर व बिना नंबर प्लेट बाइक चालकों की क्लास लगाते हुए थाना प्रभारी बलजीत सिंह।

### ...युवाओं में बढ़ा है क्रेज

युवाओं में बिना नंबर प्लेट की बाइकों का प्रचलन बढ़ा हुआ है। जिसमें बाइक चोरी की भी हो सकती है। फाइनेंस किश्तों का न भरने तथा सीसी टीवी कैमरों में नंबर प्लेट न आना, आगे-आगे नंबर प्लेट हैं तो पीछे से गायब हैं। जहां पर पुलिस की तैनाती होती है, उस रास्ते से बाइक सवार बचने की कोशिश करते हैं। शाम को फिरे से फर्राटे भरने लगते हैं। जिसके चलते वारदात की आशंका बनी रहती है। इस प्रकार के बाइक दिखाई देने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने नए बस अड्डे के निकट अभियान चला और आधा दर्जन बाइक सवारों को काबू कर लिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि बिना नंबर वाली बाइकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। दस्तावेज न मिलने पर उन्हें इम्पाउंड किया जा रहा है। आधे अधूरे कागजातों पर चालान काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चालक अपने दस्तावेज पूरे रखें।

# रेल किराया बढ़ोतरी के खिलाफ एसयूसीआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

रेलवे यात्री किराया में हाल ही में की गई बढ़ोतरी के विरोध में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने तीव्र आपत्ति जताई है। जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि यह बढ़ोतरी अत्यंत अन्यायपूर्ण और आम यात्रियों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह फैसला संसद को दरकिनार कर प्रशासनिक आदेश से लागू किया गया, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन है। एक ओर रेलवे द्वारा सुरक्षा, सफाई, समयबद्धता, शौचालयों की स्थिति, पेयजल व्यवस्था, और कोचों के रख-रखाव जैसे बुनियादी पहलुओं की अनदेखी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों से अधिक किराया वसूला जा रहा है। सामान्य ट्रेनों को एक्सप्रेस के नाम पर दोबारा ब्रांडिंग कर, टिकट दरें बढ़ाई जा रही हैं और साधारण डिब्बों की संख्या में लगातार कटौती की जा रही है। साथ ही, रेलवे पटरियों के रख-रखाव, खानपान सेवाओं का निजीकरण, और कर्मचारियों की कटौती जैसे मुद्दे लगातार यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं।एसयूसीआई (सी) ने केंद्र सरकार, विशेषकर भाजपा शासन पर आरोप लगाया कि वह रेलवे के तेजी से निजीकरण की ओर बढ़ रही है।

# आर्यन व अभिभावकों को किया सम्मानित

- आईआईटी एंडवास परीक्षा में छाया मॉडल संस्कृति स्कूल बेलरखां का आर्यन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा ने एक बार फिर शैक्षणिक उपलब्धियों में नया आयाम छू लिया है। विद्यालय के मेधावी छात्र आर्यनए पुत्र श्री सुल्तान सिंह ने प्रतिष्ठित आईआईटी एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आईआईटी जम्मू में इलेक्ट्रिकल ब्रांच में बीण्टेक में दाखिला प्राप्त किया है। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाए जिसमें प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने आर्यन को ?5100 की नगद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आर्यन के अभिभावकों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य बलजीत गोयत ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। आर्यन की यह सफलता न केवल विद्यालयए बल्कि पूरे गांव और जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों व अध्यापकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान अमित कुमार, शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने आर्यन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी लक्ष्य साधने की प्रेरणा देगी।



जींद। आर्यन को सम्मानित करते हुए।



जुलाना। कार्यक्रम में अध्यापक रमेश कुमार को सम्मानित करते हुए अध्यापकगण।

### झमोला के मुख्याध्यापक रमेश सिंहरोहा सेवानिवृत

**जुलाना।** झमोला गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मुख्याध्यापक रमेश सिंहरोहा सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला अध्यापक भीम सिंह ने की। भीम सिंह ने बताया कि रमेश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान बड़ी लग्न और मेहनत से काम किया और उनके द्वारा पढ़ाए गए छात्र सरकारी पदों पर काम कर रहे हैं। आगे भी उम्मीद है कि रमेश कुमार सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। इस मौके पर सुभाष, राजकुमारी, सुदेश, जोगिंद्र, दयासागर, नरेंद्र, उर्मिला आदि मौजूद रहे।

## गांव स्तर से शुरू होती है जलसंरक्षण की जिम्मेदारी: दीपक कुमार

# ऐसे ही चला तो 2030 तक 21 शहरों में खत्म हो जाएगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ग्राम सलीमपुर महदूद में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन राजबीर सिंह सरपंच ने की, जबकि संचालन ग्राम सचिव अन्नु कुमार द्वारा किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने जल संरक्षण, पानी की गुणवत्ता, और ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।



कैथल। ग्राम सलीमपुर महदूद में जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार। फोटो :हरिभूमि

दीपक कुमार ने बताया कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो 2030 तक भारत के 21 प्रमुख शहरों में जल आपूर्ति पूरी तरह समाप्त हो सकती है। हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, नागपुर, इंदौर, ग्वालियर और अहमदाबाद जैसे शहर गंभीर संकट की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि केंद्रीय भूजल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा के 85 प्रतिशत से अधिक भूभाग में भूजल स्तर खतरनाक स्थिति तक पहुंच चुका है। यदि राज्य ने जल प्रबंधन और संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जहां 2018 में डे जीरो की घोषणा करनी पड़ी थी, यानी वह दिन जब नलों में पानी आना पूरी तरह बंद होने वाला था। ऐसी भयावह स्थिति से बचने लिए हमें आज ही सजग होकर काम करना होगा। ग्रामीणों को फील्ड टेस्टिंग किट से पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी विशेष रूप से उपयोगी रही, क्योंकि स्वच्छ और सुरक्षित जल से ही अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। दीपक कुमार ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की जानकारी दी। यह अभियान जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति एक भावनात्मक पहल है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक वृक्ष लगाएं।

### कैथल जिले की स्थिति पर विशेष फोकस

दीपक कुमार ने बताया कि कैथल जिले में भी जल संकट की गंभीर आहट सुनाई दे रही है। राजौंद और गुहला खंड को केंद्रीय भूजल प्राधिकरण द्वारा /"डार्क जोन/" घोषित किया जा चुका है, जो इस बात का संकेत है कि इन क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो चुका है और पुनर्भरण की दर बहुत धीमी है।





### कनिष्ठ अभियंता अशोक कुमार को दी विदाई पार्टी

**राजौंद।** राजौंद में सब यूनिट कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता अशोक कुमार की सेवा निवृति पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने की।उन्होंने कहा की एक तरफ जहां अपने वरिष्ठ साथी के निर्विवाद सेवा निवृति की खुशी है, वही एक गम भी है की जिसके साथ मिलकर हर रोज कार्य करते रहे है, वह आज अपनी सेवा से मुक्त हो रहे है। ढांडा ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता अशोक कुमार के साथ की गई सेवा का कार्यकाल हमेशा स्मरणीय रहेगा सेवा कोई भी हो और कर्मचारी कोई भी हो सभी का एक सपना होता है कि बिना किसी आरोप प्रत्यारोप के उसकी सेवा निवृति हो ताकि जहां जिंदगी का अहम हिस्सा 35 वर्ष गुजारें हो वहां से सेवा निवृति भी सम्मानजनक हर कोई चाहता है। इस दौरान कनिष्ठ उराकेश कोटड़ा, कुलदीप, रमेश, प्रवीण, मुकेश, सुखदेव शर्मा, जगदीश, जे ई सतीश, साहब सिंह, जितेंद्र सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।